>

Title: Need to send representatives from Home Ministry to assess the law and order situation in West Bengal.

श्री दिलीप घोष (मेदिनीपुर) : मैं बहुत दूर बंगाल प्रदेश से आया हूं । वह प्रदेश जहां कानून और व्यवस्था नहीं है, जहां डेमोक्रेसी नहीं है, जहां किसी की सुरक्षा भी नहीं है । जहां देश भर में डाक्टर्स ने सात दिनों तक स्ट्राइक किया है । जहां एक महीने तक सारे कोर्ट बंद रहे थे, क्योंकि वकीलों पर अटैक हो रहा है । महिलाओं को सरेआम रास्तों में छेड़ा जा रहा है । बदमाश रास्तों में बम-बंदूक लेकर घूम रहे हैं । वहां गोली चली, सात लोगों को गोली लगी, पुलिस बोलती है कि हमने गोली नहीं चलाई है । किसने किस पर गोली चलाई है, पता नहीं है, लेकिन दो लोगों की मौत हुई है ।…(व्यवधान) चुनाव के समय 500 संसदीय क्षेत्रों में कोई गड़बड़ी नहीं हुई, लेकिन बंगाल के 42 संसदीय क्षेत्रों में मौतें हुई हैं, गोली चली है । एक महीने में लगभग 25 लोगों की मौतें हुई हैं और हमारे 15 लोगों की मौतें हुई हैं ।

महोदय, मैं निवेदन करता हूं कि इस विषय को संज्ञान में लिया जाए और कल भाटपाड़ा में, बैरकपुर में गोली चली थी और सात लोगों को लगी थी । गृह मंत्रालय से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल भेजा जाए, ताकि बंगाल के लोगों का भय दूर हो और वहां कानून-व्यवस्था प्रतिष्ठित हो सके । मैं पूरे देश का ध्यान इस ओर आकर्षित करता हूं ।

माननीय सभापति : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री राहुल रमेश शेवाले, श्री उदय प्रताप सिंह और श्री देवजी एम. पटेल को श्री दिलीप घोष द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।